TARSHEED ترشيد

Rethink فكّر

पर्यावरण को बचाओ

टिप्स

पानी और बिजली बचाने के लिए

LE

S THE

NEW

MO

जीवन के लिए पानी बचाओ

LE

STHE

NEW

MO

बेहतर भविष्य के लिए
बिजली बचाओ

घर पर

ब्रश करते समय नल बंद करें।

शॉवर में ज़्यादा देर तक न नहाएं।

फर्श की सफाई के लिए पाइप के बजाय बाल्टी और पोछे का उपयोग करें।

पानी का इस्तेमाल करें पर पानी को बर्बाद कभी नही करें

वॉकवे और घर के प्रवेश द्वार को साफ करने के लिए पाइप का उपयोग न करें, धूल को नियंत्रित करने के लिए झाड़ू और थोड़े पानी के स्प्रे का उपयोग करें।

कार धुलने के लिए पाइप के बजाय 3 बाल्टी पानी पर्याप्त है।



टपकती बूँद

इस तरह की घड़ी को रोकना चाहिए

घर के अंदर कोई रिसाव होने पर सूचित करें। अगर संभव हो, तो उसकी मरम्मत कराएं या बहते पानी को रोकें।

स्विमिंग पूल में लीकेज की नियमित जांच करें और लीकेज होने पर सूचित करें। उपयोग न होने पर उन्हें ढक दें।

नियमित रूप से पानी की टंकियों के लीकेज की जांच करें और लीकेज होने पर रिपोर्ट करें।



अस्थायी रूप से जरूरत न होने पर प्रवाह को बंद करने के लिए सभी होसेस पर होज़ गन या नोजल इंस्टॉल कराएं

आवश्यकता न होने पर और कमरे खाली होने पर वहां की लाइट बंद कर दें।

लाइट बल्ब को नियमित रूप से साफ करें क्योंकि धुंधली लाइट लगभग %10 कम प्रभावी होती है।

उपयोग न होने वाले बिजली के उपकरणों (प्रेस, टीवी, साउंड सिस्टम, पंखे इत्यादि) को बंद कर दें।

वॉटर हीटर को उपयोग से आधे घंटे पहले चालू करें। जरूरत न होने पर उसे बंद कर दें। इसके अलावा, गर्मी के दिनों में भी उसे बंद कर दें।

एयर कंडीशनिंग चालू होने पर सभी दरवाजों और खिड़कियों को ठीक से बंद करना सुनिश्चित करें जिससे कि एयर कंडीशनर्स और कुशलता से चल सकें।

अपने एसी के तापमान को 24 ° सेल्सियस पर सेट करें

एलईडी जैसे ऊर्जा बचाने वाले लाइट बल्ब का उपयोग करें।

एयर कंडीशनर के फिल्टर को नियमित रूप से (महीने में एक बार) साफ करें।

रसोई में

फलों और सब्जियों को धुलने के लिए सीधे नल के नीचे रखने के बजाय किसी बर्तन में रखकर धुलें।

हाथ से बर्तन धोते समय पहले सारे बर्तनों को वॉशिंग लिक्विड से धुल लें फिर उन्हें एख साथ खंगालें।

फ्रीज में रखे खाने को सामान्य करने के लिए बहते पानी का उपयोग न करें। समय से पहले तैयारी करें और उन्हें पकाने से कम से कम कुछ घंटे पहले फ्रीजर से बाहर निकाल लें। त्वरित डिफ्रॉस्टिंग की आवश्यकता होने पर अपने माइक्रोवेव की डीफ्रॉस्ट सेटिंग का उपयोग करें।

हाथ से बर्तन धोते समय कम से कम वॉशिंग लिक्विड का उपयोग करें। इससे उन्हें खगांलने के लिए कम पानी की आवश्यकतौ होगी।

ऑटोमेटिक डिश वॉशिंग मशीन का उपयोग करते समय उसे चालू करने से पहले पूरी तरह से भर लें। इसी तरह, कपड़े धोने की मशीन को भी पूरा भरकर ही चलाएं।

आज बचाओ कल जियो

फ्रिज के तापमान को उसमें रखे गए खाने के अनुसार सेट करें

फ्रिज की ऊर्जा खपत को कम करने के लिए उसमें गर्म भोजन रखने से बचें।



फ्रिज के दरवाजा को जरूरत से ज्यादा देर तक खुला न छोड़े।

गार्डेन और लैंडस्केप

पानी देने का सबसे अच्छा समय सुबह या दोपहर के बाद को होता है

किसी भी तरह के खरपतवार को हटा दें क्योंकि वे अनावश्यक मात्रा में पानी का उपयोग करते हैं।

अधिक सिंचाई से बचें और केवल आवश्यकतानुसार पानी दें।

सर्दियों में पौधों को कम पानी की आवश्यकता होती है इसलिए कम अवधि के लिए सिंचाई करें।

TARSHEED ترشيد
Rethink فكّر

tarsheedAD.com